# करोड़ों खर्च फिर भी बिजली कटौती

## अस्पताल, पैथोलॉजी, चाय, वर्कशॉप, लघु मध्यम, मंझोले और लघु कुटीर उद्योग प्रभावित

- आज से बिजली बिल में होगी बढ़ोत्तरी
- सामान्य उपभोक्ता पर 85 रुपए का बढ़ेगा भार




**नवभारत संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. राजधानी में जहां गर्मी अपने चरम पर पहुंचती जा रही है. वहीं शहर में बिजली कटौती भी बढ़ती जा रही है. वहीं आज से बिजली के बिलों में बढ़ोत्तरी हो रही है, जो एक साधारण उपभोक्ता पर कम से कम 80 रुपए तक का भार पड़ेगा, उसके बाद भी बिजली कटौती मेंटेनेंस के नाम से जारी है.**

जबकि मेंटेनेंस का कार्य मानसून से पहले और मानसून के बाद दिवाली पर किया जाता है. उसके बाद कटौती पूरे साल चलती है. कटौती से शहर में छोटे व्यापारी अस्पताल सहित अन्य क्षेत्रों के कार्य प्रभावित होते हैं. जबकि बिजली वितरण कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शहर में बिजली का आधुनिकीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए सरकार ने लगभग 850 करोड़ रुपए से कार्य कराया, जिससे शहर में तारों वाली लाइन को केबल में बदला गया. वहीं लगभग 700 नए ट्रांसफार्मर भी लगाए गए और इसी दौरान स्मार्ट मीटरिंग, सब स्टेशनों में नवीनीकरण किया गया, जिससे बिजली का दबाव कम हो. बिजली चोरी को रोकना और निर्बाध बिजली की आपूर्ति होती रहे. यह काम मुख्य रूप से बिजली वितरण कंपनियों के घाटे को कम करने और उपभोक्ता सेवाओं को स्मार्ट बनाने के लिए किया गया.

**बिजली 4.80% तक की वृद्धि :** 1 अप्रैल से बिजली महंगी हो जाएगी. विद्युत नियामक आयोग ने औसत 4.80% की वृद्धि को मंजूरी दी है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मासिक खपत पर 80 रुपए अधिक देने होंगे. ऊर्जा प्रभार में 26 पैसे की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि फिक्स चार्ज भी बढ़ा है. हालांकि, कम आय वाले और किसानों को राहत जारी रहेगी. स्मार्ट मीटर पर दिन में 20% छूट भी बरकरार है.

### बिजली कटौती से व्यापारी और अस्पताल प्रबंधन परेशान

बिजली कटौती से शहर में हजारों छोटे व्यापारी और अस्पताल के मरीजों को परेशानी होती है. हालांकि ज्यादातर व्यापारियों ने जनरेटर या इनवर्टर जैसी व्यवस्था कर रखी है, लेकिन फिर भी बार-बार की कटौती परेशान होते हैं. शहर में हजारों की संख्या में पैथालॉजी लैब, बैंक, नर्सिंग होम, शासकीय और निजी अस्पताल, बेल्डिंग की दुकान, चाय, वर्कशॉप, फोटो कॉपी की दुकान, ऑफिस, लघु, मध्यम, मंझोले उद्योग और लघु कुटीर उद्योग प्रभावित होते हैं.

### इनका कहना है

नियम से यह कार्य होता है. गर्मी के समय और दिवाली पर समर मेंटेनेंस होता है. वर्तमान में परीक्षाएं खत्म हो गई हैं. मेंटेनेंस का कार्य जब से बिजली घर बना है तब से होता आ रहा है .वर्तमान में यह कार्य 15 से 20 अप्रैल तक जारी रहेगा.

**- प्रदीप सिंह चौहान,** शहर विद्युत प्रभारी, भोपाल

# आज से बढ़ेंगे अचल संपत्ति के दाम

- केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के निर्णय पर लागू होंगी दरें
- 740 लोकेशन पर जमीन के दाम 181% तक बढ़ेंगे दाम



**भोपाल, 31 मार्च. राजधानी में बुधवार से संपत्तियों की नई दरें लागू हो रही है. यह दरे केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के द्वारा पारित की गई है, जो शहर की 740 लोकेशन पर संपत्तियों की दरें बढ़ जाएंगी.**

एक अप्रैल से नई दरों के लागू होने से पहले मंगलवार को भी पंजीयन कार्यालय पर खासी भीड़ देखी गई. दिनभर रजिस्ट्रियों का दौर चलता रहा. बुधवार से दो दिनों तक अवकाश रहेगा, उसके बाद 3 अप्रैल से शहर के तीनों पंजीयन कार्यालय के दफ्तर पुन: खोल दिए जाएंगे और रजिस्ट्री करवाना भी महंगा हो जाएगा.

शहर में इस बार भी जमीन के दामों में औसतन 12 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जा रही है. शहर की 740 लोकेशन पर जमीन के दाम 181 फीसदी से लेकर 57 फीसदी तक बढ़ रहे हैं. पिछली बार जहां कलेक्टर गाइड लाइन में 2,881 लोकेशन थीं. वहीं इस बार 706 लोकेशन को अन्य लोकेशन में समाहित कर 2,175 कर दिया है. इसके बाद 740 लोकेशन पर दाम बढ़ा दिए गए हैं. नई गाइड लाइन लागू होने के बाद शहर में सभी स्थानों पर जमीन के दामों बाजार में बढ़ेंगे. नई ड्राफ्ट गाइड लाइन के अनुसार वार्ड 3 से वार्ड 5, 10 में किसी भी तरह की बढ़ोत्तरी नहीं होगी. जबकि वार्ड 1, 2, 6, 7, 8, 9, 11 से 13 में बढ़त देखने को मिल रही है. वार्ड 52 से 56 तक कई जगहों पर दाम में बढ़ोत्तरी देखी गई है. यशोदा नगर, भोपाल टॉकीज से सेफिया रोड, मालीपुरा, माया विहार, पाल विहार, रेत घाट से वीआईपी रोड, कबाड़खाना, गौतम नगर, पंचशील नगर, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, सेवनिया गौंड, चौकी बरखेड़ी, एयरोसिटी परिसर, बेहटा, दामखेड़ा, कोलार रोड, बंजारी, अकबरपुर, बावडियाकलां, मिसरोद, एयरपोर्ट, अयोध्या बायपास इलाकों में प्रॉपर्टी की दरें पांच से 100 प्रतिशत तक बढ़ाई गई हैं. इस बार हाउसिंग प्रोजेक्ट 13 से 57 तक महंगे हो गए हैं, जबकि बीडीए के प्रोजेक्ट में छह से पंद्रह प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की गई है. बता दें कि यहां हाल ही में पीडब्ल्यूडी ने सीसी रोड सड़कों के काम सहित अन्य विकास कार्य शुरू किए हैं.

नई गाइड लाइन के लागू होते ही बुधवार से शहर में इन मुख्य लोकेशन पर जमीन के दाम बढ़ जाएंगे. दाम बढ़न के बाद इन क्षेत्रों में नई कलेक्टर गाइडलाइन या इससे अधिक दाम पर ही रजिस्ट्री कराई जा सकेगी. इससे कम दाम पर रजिस्ट्री नहीं होगी. इससे लोगों के लिए रजिस्ट्री करवाना भी महंगा होगा. शहर में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोत्तरी निर्मल सिटी, निशातपुरा रोड, मुर्गी बाजार, समर ग्रीन कॉलोनी में हुई है. यहां दामों में 181 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है.

### डेढ़ लाख रुपए वर्ग मीटर तक हुई कीमत

वित्तीय वर्ष (2026-27) में नई दरें लागू हो रही हैं. जिनमें एयरोसिटी राजा भोज परियोजना में 30 से 33 हजार रुपये, बागलामुखी नगर 26 हजार नौ सौ से 40 हजार चार सौ रुपए, निर्मल सिटी में 18 हजार से 27 हजार रुपए, लालघाटी चौराहे से एयरपोर्ट तिराहे तक 40 से 60 हजार रुपए, पंचशील नगर में 15 से 20 हजार रुपए, न्यू मार्केट में 90 हजार से 135 हजार रुपए, भोपाल टॉकीज पुराना सेफिया 72 से 110 हजार रुपए, राजभवन से रोशन पुरा 150 हजार रुपए वर्ग मीटर हो जाएगी.

### *देर रात तक 1296 रजिस्ट्रियां हुई*

*मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 का अंतिम दिन था, इस दिन देर रात तक रजिस्ट्रियां होती रही, जो अभी तक की एक दम सबसे अधिक रही. पूरे दिन जिले की बैरसिया, परी बाजार, आईएसबीटी पंजीयन कार्यालय पर भीड़ रही. देर रात तक जिले में 1296 रजिस्ट्रियां हुई, जिनसे 32 करोड़ से अधिक का राजस्व मिला।*




**भोपाल.** रोशनपुरा चौराहे पर प्राइवेट इंस्टिट्यूट के बच्चों के साथ ट्रैफिक पुलिस ने जागरुकता अभियान का आयोजन किया. इस मौके पर राहगीरों को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी गई.

# विजय के हत्यारे आसिफ की तलाश जारी

- ग्वालियर में होने की संभावना

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 31 मार्च. अशोका गार्डन इलाके में होटल संचालक विजय मेवाड़ा की हत्या के मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ बम की तलाश में पुलिस की 6 टीमें जुटी है. पुलिस लगातार आरोपी की लोकेशन ले रही है.**

आरोपी आसिफ की आखिरी लोकेशन ग्वालियर में मिली है. आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें कोशिश में जुटी है. आसिफ को लेकर जानकारी सामने आई है कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय था और हथियारों का प्रदर्शन करके इस प्लेटफार्म पर अपनी हिंसक छवि पेश करके लोगों के बीच आतंक फैलाता था. आसिफ के खिलाफ 25 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश जुबेर मौलाना के गिरोह से भी आसिफ के जुडे होने का आरोप है. हालांकि जुबेर मौलाना अभी जेल में सजा काट रहा है.

### दोषियों के अवैध निर्माणों पर चलेगा बुल्डोजर

विजय मेवाड़ा की दुखद हत्या के मामले को लेकर सहकारिता मंत्री एवं स्थानीय विधायक विश्वास कैलाश सारंग ने संज्ञान लेते हुए दोषियों पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए. मंत्री श्री सारंग ने मंगलवार को पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस कठिन समय में हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत ना कर पाए। मंत्री श्री सारंग ने पुलिस अधिकारियों को दोषियों के अवैध निर्माणों पर बुल्डोजर की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

# दो फरार बदमाश हथकड़ी समेत अरेस्ट

- लापरवाही बरतने पर एक सिपाही सस्पेंड

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 31 मार्च. नजीराबाद थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद फरार हुए दो बदमाशों को हथकड़ी समेत फिर से गिरफ्तार कर लिया है. बदमाशों के भागने की घटना पर लापरवाही बरतने वाले एक सिपाही को बर्खास्त भी किया गया है.**

पुलिस चोरी और अवैध हथियार रखने के एक मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया था. इस दौरान थाना परिसर से आरोपी जावेद उर्फ काला (30), इकबाल खान (35) पुलिस को चकमा देकर भाग निकले थे. थाने से बदमाशों के फरार होने की सूचना सामने आने पर एसपी देहात फरार बदमाशों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया. पुलिस की दो टीमों ने बदमाशों को गिरफ्तार किया. बताया जा रहा है कि फरार बदमाश मजीदगढ़ के जंगल की तरफ भाग गए थे. पुलिस ने तकनीकी सहायता के आधार पर बदमाशों की लोकेशन खंगाली और आरोपी इकबाल के साथ आरोपी जावेद को फिर से गिरफ्तार किया. दोनों के खिलाफ नकबजनी और चोरी सहित अपराध दर्ज हैं.

### आरोपी का प्रोडक्शन वारंट ले सकती है भोपाल पुलिस

दिल्ली पुलिस ने ई-मेल पर ब्लास्ट की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. भोपाल पुलिस भी जल्द ही आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर ले सकती है. जानकारी के मुताबिक आरोपी की पहचान श्रीनिवास व्यक्ति के रूप में की गई है. आरोपी को मैसूर से गिरफ्तार किया है. भोपाल के अलावा देशभर में करीब 1100 संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी आरोपी ने ई-मेल के माध्यम से दी थी.

# मार्ग परिवर्तन की एडवाइजरी जारी

**भोपाल, 31 मार्च. यातायात पुलिस भोपाल ने डीआईजी बंगला से छोला गणेश मंदिर तक सीमेंट कंक्रीट मार्ग निर्माण कार्य के चलते मार्ग परिवर्तित किए है. एडवाइजरी जारी कर पुलिस ने आवागमन में होने वाली असुविधाओं से बचने की अपील की है.**

जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार डीआईजी बंगला क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा डीआईजी बंगला से गणेश मंदिर कालीपरेड तक सीमेंट कंक्रीट मार्ग निर्माण कार्य चल रहा है, जिससें जेपी नगर तिराहा से गणेश मंदिर कालीपरेड तक मार्ग पूर्ण रूप से बंद कर वैकल्पिक मार्ग भोपाल टाकिज से डीआईजी बंगला रहेगा. आम जनता से अपील है कि बेस्ट पाइज तिराहा बायपास से शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहन/बसें शहर में प्रवेश करने के लिए बेस्ट प्राइज से करोंद, आसाराम बापू तिराहा बायपास रोड का उपयोग कर लालघाटी होकर शहर में प्रवेश करें, इसी तरह शहर से बाहर निकलने के लिए लालघाटी, आसाराम बापू तिराहा, करोंद, बेस्ट प्राइज बायपास मार्ग का उपयोग कर अपने गन्तव्य की ओर आवागमन करें.

# बिजली बिल को नियंत्रित करने के उपाय बताएं

**भोपाल 31 मार्च. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा कि वे गर्मी के मौसम में बिजली बिल नियंत्रित रखने के लिए दिए जा रहे आसान उपाय और जानकारियां अपनाकर बिजली और बिल की राशि दोनों में बचत कर सकते हैं. दिन में सूर्य के प्रकाश का अधिकतम उपयोग करें तथा गैर-जरूरी पंखे, लाइट इत्यादि उपकरणों को बंद रखें.**

विशेषत: कार्यालयीन समय में भोजनावकाश के दौरान, घर से बाहर एवं कक्ष से बाहर जाते समय, ध्यानपूर्वक समस्त प्रकाश, पंखे एवं कंप्यूटर मॉनिटर इत्यादि को बंद करें चाहे आप थोड़े समय के लिए ही क्यों न बाहर जा रहे हों.

अपने साथियों, सहकर्मियों, अधीनस्थ कर्मचारियों एवं परिवार को प्रोत्साहित करें कि वे दिन के समय विद्युत का कम से कम उपयोग करें. घरों में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रयोग यथासंभव एक साथ न करें क्योंकि ऐसा करने से घर की वायरिंग में विद्युत क्षति बढ़ जाती है.

### बिजली संबंधित सेवाओं के लिए अनेक विकल्प मौजूद

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिलों का भुगतान अथवा बिजली संबंधित अन्य सेवाओं के भुगतान के लिए एम.पी.ऑनलाइन की सेवाएं वित्तीय वर्ष 2025-26 की फाइनेंसियल क्लोजिंग के कारण दो दिन 31 मार्च 2026 रात्रि 11.50 बजे से 2 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे बंद रहेंगी.

# इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

- महाराष्ट्र के जलगांव में की कार्रवाई

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 31 मार्च. कोलार इलाके में हत्या के प्रयास के मामले में फरार इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी की गिरफ्तारी महाराष्ट्र के जलगांव से की गई है.**

जानकारी के मुताबिक बदमाश जीतू यादव पर पुलिस ने 40 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. यादव दो अलग- अलग मामलों में आरोपी है. बीते 2 जनवरी को दो गुटों में खूनी संघर्ष की घटना हुई थी. दोनों पक्षों में एक दर्जन आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था. फरार आरोपी जीतू पर फरारी के दौरान थाना कजलीखेड़ा और कोलार में अपराध दर्ज हुए थे. बदमाश को जलगांव से गिरफ्तार कर कोलार पुलिस अपने साथ लाई है. बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू यादव निवासी ओम नगर पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग और जुए का अड्डा चलाने का आरोप है. शहजाद नाम का युवक पहले जीतू के साथ काम करता था, लेकिन कुछ साल पहले ही वह जीतू से अलग होकर अपना कारोबार करने लगा. दोनों के बीच इस दौरान हुए वर्चस्व को लेकर विवाद चलने लगा था.

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक लामबंद

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 31 मार्च. मध्य प्रदेश के हजारों शिक्षक इन दिनों कक्षा से ज्यादा अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं. वर्षों की सेवा देने के बाद अब अचानक टीईटी अनिवार्यता का मुद्दा उनके सामने खड़ा हो गया है.**

ग्रामीण स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक बताते हैं कि वे वर्षों से बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं, लेकिन अब खुद असमंजस में हैं कि उनका क्या होगा. इन्ही समस्याओं को देखते हुए प्रदेश के 12 शिक्षक संगठनों ने मिलकर अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा बनाया है, जिसके तहत मोर्चा अब अलग-अलग आवाजों के बजाय एक सामूहिक दबाव के रूप में सरकार के सामने अपनी बात रखेगा. शिक्षकों के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश ने स्पष्टता देने के बजाय उलझन बढ़ा दी है. किसे टीईटी देना होगा और कौन इससे मुक्त रहेगा, इस पर कोई ठोस दिशा-निर्देश नहीं है. बल्कि आदेश में अगस्त महीने परीक्षा कार्यक्रम भी रख दिया है. जिससे करीब डेढ़ लाख शिक्षक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

### चरणबद्ध तरीके से होगा आंदोलन

- 8 अप्रैल को जिलों में प्रदर्शन
- 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर धरना
- 18 अप्रैल को भोपाल में मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा

**ये हैं शिक्षकों की मुख्य मांगें**

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर की जाए.
- डीपीआई का आदेश तत्काल निरस्त हो.
- टीईटी और सेवा अवधि को लेकर स्पष्ट और न्यायसंगत नीति बनाई जाए.

### इनका कहना है

यह लड़ाई सिर्फ एक परीक्षा की नहीं है, बल्कि लाखों शिक्षकों के भविष्य की है. जब नियुक्ति पुराने नियमों के तहत हुई है, तो वर्षों बाद नई शर्तें लागू करना पूरी तरह अनुचित है. हम चरणबद्ध आंदोलन के जरिए सरकार तक अपनी बात पहुंचाएंगे, जिससे शिक्षकों के साथ न्याय हो सके.

**उपेन्द्र कौशल,** कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, शासकीय शिक्षक संगठन



# बैरागढ़ खाद्य आपूर्ति विभाग ने मारा छापा, 50 सिलेंडर जब्त

**नवभारत संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. राजधानी में प्रशासन की सख्ती के बावजूद जमाखोरी कम नहीं हो रही है. मंगलवार को भोपाल टॉकीज क्षेत्र में गैस एजेंसी पर सिलेंडर के साथ लंबी लाइन देखी गई. लोगों को रसोई गैस सिलेंडर से अभी राहत नहीं मिल पा रही है, जहां प्रशासन लगातार इस पर निगरानी बनाए हुए है और आकस्मिक निरीक्षण और छापेमारी भी कर रही है.**

जिला आपूर्ति दल ने सूचना पर बैरागढ़ में छापेमारी की कार्रवाई की. इनकी गिनती की गई तो यह करीब 50 निकले. घरेलू गैस सिलेंडर को कालाबाजारी करने के उद्देश्य से रखा हुआ था, जिनको जब्त किया गया.

इधर, अब शहर में गैस सिलेंडरों की बुकिंग में कमी आती जा रही है. जहां प्रतिदिन 14 हजार से ज्यादा बुकिंग हो रही थी वह अब 11 हजार हर गई है. जिला आपूर्ति अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि अफवाहों की वजह से लोगों ने सिलेंडर जमा कर लिए है, जिससे अब कई एजेंसियों पर बुकिंग ही नहीं आ रही है. जादौन ने आगे बताया कि भोपाल की 3 बड़ी एजेंसियों पर ही बुकिंग ज्यादा आ रही है. दो दिन पहले शहर में 28 से 30 हजार तक बुकिंग सप्लाई 22 हजार तक हो रही थी.

### चिचली बैरागढ़ में कम तौल के सिलेंडर पकड़ाए

कोलार स्थित बैरागढ़ चीचली में सिद्धार्थ इंडेन गैस एजेंसी के वाहन चालक के घर के बाहर जांच में कम तौल के सिलेंडर पकड़ाए हैं. नापतौल विभाग ने दोपहर 1 बजे सिद्धार्थ गैस एजेंसी के वाहन चालक राजू मेवाड़ा के निवास के बाहर गैस एजेंसी के वाहन में से 42 सिलेंडर की जांच की गई. सील पैक 31 सिलेंडरों में 3 किलो तक गैस कम पाई गई. 45 गैस सिलेंडर में गैस कम और वाहन अवैध स्थान पर खड़ा होने के कारण मौके से खाद्य विभाग द्वारा 19 सिलेंडर और नाप तौल विभाग द्वारा 39 घरेलू गैस सिलेंडर और लोडिंग ऑटो मौके से जब्त किया गया.

**थियेटर** | नाटक 'गज फुट इंच' ने दर्शकों को दिया संदेश

# रिश्ते को मजबूत बनाते हैं सच्चाई और अपनापन

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 31 मार्च. पार्क में पहली मुलाकात का वह दृश्य, जहां एक लड़की गलत युवक को जीवनसाथी समझ बैठती है और सच्चाई सामने आते ही हास्य का सिलसिला फूट पड़ता है. यह दृश्य मंगलवार शाम दुष्यंत संग्रहालय में साया वेलफेयर एवं कल्चरल सोसाइटी की प्रस्तुति में देखने को मिलता है. जहां प्रसिद्ध लेखक के पी सक्सेना की रचना गज फुट इंच का मंचन किया जा रहा था. नाटक का निर्देशन विकास सिरमोलिया ने किया.**



नाटक की कहानी टिल्लू नाम के एक सीधे सादे युवक की है, जो व्यापारी परिवार से है और आज भी जिंदगी को गज फुट इंच में मापता है. उसकी सादगी और अनाड़ीपन कहानी को लगातार हास्य से भरते हैं. जब उसका रिश्ता आधुनिक और पढ़ी-लिखी जुगनी से तय होता है तब स्थितियां और रोचक हो जाती हैं.

टिल्लू के पिता द्वारा दिए गए अजीबोगरीब प्रेम के गुण और पहली मुलाकात की उलझनें दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर करती हैं. वहीं नाटक का अंत एक सरल, लेकिन गहरी बात कहता है कि रिश्ते किसी नापतौल के मोहताज नहीं होते, बल्कि सच्चाई और अपनापन ही उन्हें मजबूत बनाते हैं. कहानी में नायिका जुगनी द्वारा टिल्लू को वैसे ही स्वीकार करना इस प्रस्तुति का सबसे प्रभावी क्षण बनकर दर्शकों को गहरा संदेश दे गया. मंच पर हिमांशु प्रजापति, अनु अहिरवार, आरती विश्वकर्मा आदि ने अभिनय से मन मोहा.

# बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

- घायल का हमीदिया में उपचार जारी

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 31 मार्च. गौतम नगर थाना इलाके में करीब आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. घायल को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है. घटना की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक रंभा नगर में रहने वाले 31 वर्षीय गुलफाम लेडीज टेलर का काम करता है. वह बागफरहत अफजा में गुलफाम अपनी दुकान चलाता है. बताया जा रहा है कि रविवार रात को गुलफाम से उसकी पहचान के आरोपी युवकों साजिद और शाहजाद मौलाना से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इस बात का बदला लेने के इरादे से दोनों आरोपियों ने सोमवार देर रात अपने चार अपने साथियों के साथ गुलफाम की पहले बुरी तरह से पिटाई की. इसके बाद आरोपियों ने गुलफाम के पेट पर चाकू से तीन बार हमला कर दिया. इस हमले से घायल गुलफाम गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलने पर गुलफाम के परिजनों ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया और थाने में सूचना दी.